## महत्वपूर्ण एवं खास

### कथक, प्यानो वादन एवं नाट्य मंचन की प्रस्तुति आज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** 35 वां चक्रधर समारोह के सातवें दिन 8 सितम्बर को रायगढ़ की धारित्री सिंह चौहान द्वारा कथक, रायपुर के रजी मोहम्मद द्वारा प्यानो वादन, इप्टा रायगढ़, गुड़ी रायगढ़ एवं बैरागढिया राजकुमार द्वारा नाट्य मंचन की प्रस्तुति होगी।

### कुश्ती प्रतियोगिता का समापन आज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** 35 वां चक्रधर समारोह के अवसर पर विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार के मुख्य आतिथ्य में 8 सितम्बर को सायं 5 बजे से रामलीला मैदान, रायगढ़ में कुश्ती प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के सभापति सलीम नियारिया करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

### मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना अंतर्गत 20 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने वाले इच्छुक आवेदकों से 20 सितम्बर 2019 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त योजनान्तर्गत आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, निःशक्तजन, नक्सल प्रभावित एवं सेवानिवृत्त सैनिको को आयु सीमा में 5 वर्ष छूट की पात्रता होगी। आवेदक को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के साथ नियत तिथि तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में दो प्रतियों में जमा करना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत निर्माण एवं उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाईयों हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख रुपए है। इसके लिए आवेदक को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है। उद्योग एवं सेवा परियोजना में स्वीकृत ऋण पर लगने वाला बैंक गारंटी शुल्क तथा आगामी 4 वर्षो के लिए अधिरोपित वार्षिक सेवा शुल्क का भुगतान शासन द्वारा दिया जाएगा तथा नियमानुसार ब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुआ है इस योजना के लिए पात्रता नहीं होगी। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### नगरीय निकाय चुनाव के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही 16 सितम्बर तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव 2019 हेतु निर्वाचक नामावली का सर्व रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, सर्व सहायक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय एवं नगर निगम, नगर पालिका परिषद, सर्व नगर पंचायतों तथा संबंधित वार्डो में निःशुल्क निरीक्षण हेतु 6 सितम्बर 2019 को प्रारंभिक प्रकाशन होने के साथ ही प्रकाशन दिनांक 6 सितम्बर से 16 सितम्बर 2019 तक दावे-आपत्तियां प्राप्त किया जा सकेगा। निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के लिए प्रारूप (क)एवं प्रविष्ट विशिष्टयों की शुद्धि (संशोधन हेतु)के लिए प्रारूप (ख)तथा नाम विलोपित किए जाने के लिए प्रारूप (ग) निःशुल्क सर्व रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, सर्व सहायक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय एवं नगर निगम, नगरपालिका परिषद, सर्व नगर पंचायतों तथा संबंधित वार्डो से प्राप्त किया जा सकेगा।

### सारंगढ़ व छाल पुलिस ने जुआ खेलते 08 जुआड़ियों को पकड़ा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सारंगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम जिल्दी के रंगमंच के सामने जुआ खेल रहे जुआडियों को पकड़ने घेराबंदी कर रेड किये, कुछ जुआडी पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर आरोपीगण 1.नंद कुमार सतनामी पिता रूपराम सतनामी उम्र 30 वर्ष साकिन जिल्दी थाना सारंगढ 2. कृष्णा निराला पिता देवप्रसाद निराला उम्र 40वर्ष साकिन हरदी थाना सारंगढ,3. दिलीप सतनामी पिता धनीराम सतनामी उम्र 26 वर्ष साकिन बासीनपाली थाना सारंगढ , 4. प्रकाश सिंह सतनामी पिता रामेश्वर सतनामी उम्र 42 वर्ष साकिन जिल्दी थाना सारंगढ,5. विनोद सतनामी पिता छत्रराम सतनामी उम्र 28 वर्ष साकिन जिल्दी थाना सारंगढ पकडे गये। सभी आरोपी के फड़ एवं पास से 2440 रूपये तथा फड से 52 पत्ती ताश जपत किया गया है। वहीं थाना छाल स्टाफ द्वारा ग्राम बोजिया में परनाम राठिया के बाडी में काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे (1) लाला सारथी पिता सोन साय सारथी उम्र 35 वर्ष सा0 बोजिया (2) भगवान दास महंत पिता आरती दास उम्र 40 वर्ष सा0 चितापाली (3) अरूण दास महंत पिता बिमल दास महंत उम्र 40 सा0 बोजिया थाना छाल को पकडे, जिनके फड से एवं पास से जुमला रूपये 1750/- रूपये तथा फड से 52 पत्ती तास , एक प्लास्टिक बोरी जपत किया गया है। जुआरियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर जावेद अली के गानों ने बांधा समां








**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चक्रधर समारोह के पांचवे दिन मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर जावेद अली ने अपने गानों से समां बांध दिया। समारोह स्थल में जावेद अली को सुनने के लिए देर रात तक हजारों की भीड़ जुटी रही। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कला एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने की अपार संभावनाएं है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। छत्तीसगढ़ विकास पथ पर तभी अग्रसर होगा जब यहां की धरोहर का विकास होगा। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति को नये आयाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने सभी को गणेश पूजा की शुभकामनाएं दी।

जावेद अली के ग्रुप के सदस्य ने गणेश वंदना से

### » दीपक आचार्य के गीत एवं तरूण कुर्म के कथक ने किया मंत्रमुग्ध

प्रस्तुतियों की शुरूआत की। इसके बाद जावेद अली ने मंच पर आकर अपने सुपरहिट गाने और सूफी गाने गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जावेद ने राग यमन पर आधारित माने नाही मोरा मनवा, नैना हारे पथ निहारे, अभी न जाओ छोड़कर जैसे गाने गाकर खूब तालियां बटोरीं। जावेद ने लोगों की मांग पर सूफी गीत मौला मौला.. मौला मेरे मौला और कुन फया कुन गीत गाये। कार्यक्रम में रायगढ़ के लोक गायक दीपक आचार्य ने स्व.लक्ष्मण मस्तुरिया का प्रसिद्ध गीत मोर संग चलव रे गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी खमसा की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही लूटी।


दिनेश जांगड़े एवं उनके ग्रुप ने पंथी नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोहा। उन्होंने मानव पिरामिड बनाकर दर्शकों को मुग्ध किया। धरती माता के गीत एवं गुरूघासीदास महिमा का वर्णन किया गया। इस अवसर पर रायगढ़ घराना के कथक नर्तक तरूण कुमार कुर्म एवं उनके ग्रुप ने कथक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। उन्होंने हर-हर महादेव शिव शंकर तराना, शिव पंचाक्षर, हनुमंत परन, गज परन की अनोखी प्रस्तुति दी। ग्वालियर से आये कथक कलाकार डॉ. मानव महंत ने अपने समूह के साथ अर्द्धनारीश्वर मुद्रा में कथक प्रस्तुति दी।

उन्होंने घुमड़ बादल और चमक बिजली पर कथक कर वर्षा ऋतु का वर्णन किया। इस अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार, जिला पंचायत सीईओ सुऋचा प्रकाश चौधरी, राजपरिवार से सुउर्वशी देवी एवं गणमान्य नागरिक तथा जनसामान्य उपस्थित रहे।

## आयरन गोली के अवैध परिवहन पर पूंजीपथरा पुलिस ने की कार्यवाही

### » एक लाख रूपये का ट्रक पर लोड 14.640 टन आयरन गोली जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर अवैध रूप से शराब, कबाड परिवहन पर लगाम कसने की कायवाद जिला पुलिस द्वारा अभियान चलाकर किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिले में बहुमूल्य खनिज सम्पदाओं के अवैध रूप से परिवहन, संग्रहण पर माईनिंग विभाग के साथ मिलकर विधि अनुरूप कार्यवाही करने का निर्देश सभी थाना/चौकी प्रभारियों को दिया गया है। इसी क्रम में आज दिनांक 06.09.19 के सुबह थाना प्रभारी पूंजीपथरा को लाखा से मुख्य मार्ग होते पूंजीपथरा की ओर एक ट्रक में अवैध रूप से आयरन गोली के अवैध रूप से परिवहन होने की सूचना मुखबिर द्वारा दिया गया जिस पर पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा फौजी ढाबा तराईमाल के पास भारी वाहनों



को रोककर चेक किया गया। इस दौरान ट्रक सीजी 13 यूएस-1710 में 14.640 टन आयरन गोली लोड मिला, वाहन में लोड आयरन 106872 रूपये का है। वाहन के चालक बबलू साहंसी(राजपूत) पिता अधिक साहंसी उम्र 29 साल निवासी अनाजमंडी के सामने हरियाण हाल मुकाम तराईमाल पूंजीपथरा से लोड आयरन के संबंध कागजात पेश करने को कहने पर कोई कागजाम पेश नहीं किया गया जिस पर उक्त सम्पत्ति चोरी होने के संदेह पर थाना पूंजीपथरा में बबलू साहंसी के विरूद्ध इस्तगासा क्रमांक 10/ 19 41(1+4) सीआरपीसी/ 379आईपीसी की कार्यवाही की गई है।

## घर का दरवाजा तोड़कर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना धरमजयगढ़ में रायगढ़ रोड पतरापारा में रहने वाले श्याम किशोर मुखर्जी उम्र 55 साल द्वारा अपने मकान में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि अपने घर पर अकेले रहता है, रीढ की हड्डी में दर्द होने के कारण अधिक चल फिर नहीं सकता , जिसके ईलाज के लिए अपने मकान में ताला बंद कर दिनांक 27.07.2019 को पेड्रारोड चला गया था। दिनांक 04.09.2019 को करीब रात्रि 9.30 बजे अपने मकान पर आया तो देखा कि पीछे दरवजा को तोड़ कर अन्दर घुस कर अज्ञात



चोर अलमारी एवं दीवान पलंग में रखे बर्तन , कूकर एक छोटा ,एक बडा पुराना , एक टी.वी. एल.ई.डी. मैकरोमेक्स , कपड़े आदि जुमला करीबन 24,000 रूपये का पीछे दरवाजा से चोरी कर ले गया है। चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 152/19 धारा 457, 380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## जुटमिल पेट्रोलिंग पार्टी ने चोरी के बाइक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

### » बाईक चोरी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है आरोपी » बिक्री के लिये ग्राहक तलाशते पुलिस की पड़ी नजर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जुटमिल पेट्रोलिंग पार्टी को मुखबिर द्वारा एक व्यक्ति के संदिग्ध हालात में घुमते ट्रांसपोर्टनगर के पास अपने पास रखी मोटर सायकल फैशन प्रो को बिक्री के लिये ग्राहक तलाश करने की सूचना दिया गया। पेट्रोलिंग पार्टी के साथ सउनि उमाशंकर विश्वाल द्वारा तस्दीकी हेतु ट्रांसपोर्टनगर जाकर युवक को तलब कर उसके पास रखी बाईक फैशन प्रो सीजी 13 यू 0287 के कागजात दिखाने को कहा गया जिसे पर उसका जवाब गोलमोल था, संदेही को पुलिस चौकी लाकर पूछताछ करने पर युवक ने



अपना नाम हेमंत निसाद पिता धनसाय निषाद 30 साल निवासी सारंगढ़ का होना बताया तथा उक्त बाईक को हेमंत ने पुसौर क्षेत्र से चोरी करना बताते हुए 01 साल पहले भी थाना सारंगढ़ मे बाइक चोरी के मामले में जेल जाना बताया। आरोपी के विरूद्ध चौकी जुटमिल (थाना कोतवाली) में धारा 41(1+4) सीआरपीसी /379 आईपीसी की कार्यवाही की गई है।

## महिला रक्षा टीम का जागरूकता कार्यक्रम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर आज दिनांक 06.09.19 को पुलिस रक्षा टीम रायगढ़ की महिला प्रधान आरक्षक श्रीमती मंजु मिश्रा एवं महिला आरक्षक आराधन आनंद भवानी शंकर षाडंगी हाई स्कूल बादल महल में जाकर संवेदना कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में महिला प्रधान मंजु मिश्रा द्वारा बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर बचाव की सिखलाई दी गई। साथ ही अवांछनीय हरकतों की



शिकायतें शिक्षक व पालकों से करने का कहा गया। प्रधान आरक्षक मंजु मिश्रा द्वारा बच्चों को हेल्प लाईन नम्बर डॉयल 112, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 तथा 181, 100 नम्बरों की जानकारी एवं इसके उपयोग के विषय में बताया गया। कार्यक्रम में करीब 80 छात्राएं व शिक्षकगण मौजूद थे। कार्यक्रम आयोजन के लिये स्कूल प्रबंधन से मिलकर पूर्व में समय लिया गया था, शिक्षकगण द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया गया।

## राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के दिशा-निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में गत दिवस राष्ट्रीय बयोवृद्ध संरक्षण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित की गई।




जिसमें उपस्थित चिकित्सा अधिकारी, सहायक चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स को वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी अर्जुन कुमार बेहरा द्वारा नेत्र रोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर उन्होंने गर्भवती माताओं को कुपोषण से बचाने एवं गर्भ में पल रहे बच्चे के शारीरिक विकास में कमी एवं विटामिन ए से होने वाले अंधता से बचाव के लिए विटामिन ए घोल के साथ-साथ पूरक पोषक तत्व की पूर्ति के लिए हरे पत्तेदार सब्जी-भाजी, पीले रंग वाले फल एवं मुनगा का सब्जी खिलाने हेतु प्रेरित करने को कहा गया। इसके अलावा वृद्धावस्था में नेत्र की देखभाल करने के तरीके बताए गए। मोतियाबिंद, डायबेटिक रेटिनोपेथी के बारे में जानकारी के साथ नेत्रदान करने जन-जागरूकता लाने हेतु प्रयास करने को कहा गया। स्कूली बच्चों में दृष्टि दोष से बचाव हेतु नियमित चश्में की जांच कराने में मदद करने की सलाह दी गई। 40 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को काचियाबिंद से बचाव हेतु प्रत्येक 6 माह में नियमित नेत्र की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ से कराने हेतु प्रेरित करने को कहा गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.के.डी.पासवान, जिला क्षय नियंत्रण कार्यक्रम को नोडल अधिकारी डॉ. टी.के.टोण्डर, जिला कुष्ठ मुक्ति कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी, शल्य चिकित्सक डॉ.विजय लकड़ा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनतत्पर्य छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं 9301915303 है। [illegible]

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
[illegible]

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
[illegible]

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480